### एक नजर में

## जतारा उप जेल का सघन भ्रमण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** बंदियों के मानव अधिकारों के संरक्षण और जेलों को वास्तविक सुधार गृह बनाने की दिशा में मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ अवधेश प्रताप सिंह ने एक अनुकरणीय पहल प्रारंभ की है। अध्यक्ष डॉ. सिंह ने गत दिवस टीकमगढ़ जिले की जतारा उप जेल का सघन भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उनका संवेदनशील दृष्टिकोण और बंदियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की सोच स्पष्ट रूप से नजर आई।

एक जागरूक प्रशासक की भांति अध्यक्ष महोदय ने जेल परिसर के हर महत्वपूर्ण हिस्से का गहराई से निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं को परखा, जिसमें विशेष रूप से किचन की व्यवस्था, शौचालयों की साफ-सफाई, स्वच्छता प्रबंधन, शुद्ध पेयजल व्यवस्था और जेल की सुरक्षा व्यवस्था शामिल थी। इसके अलावा उन्होंने बैरक और जेल के शिकचन गार्डनश् का भी अवलोकन किया और व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस भ्रमण का सबसे प्रेरणादायक और तारीफे-काबिल पहलू माननीय अध्यक्ष जी का बंदियों के साथ सीधा और आत्मीय संवाद रहा।

# कोल्ड्रिंग के नाम पर परोसा जा रहा नकली पेय पदार्थ

**स्थानीय लोगों ने उठाई कार्यवाही की मांग**

**अमानक पेय पदार्थों से बिगड़ रहा बच्चों का स्वास्थ्य**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। इन दिनों गर्मी के मौसम में शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में नकली पेय पदार्थो की बिक्री जोरो पर चल रही है। अमानक पेय पदार्थ लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे है। जिससे बच्चों को इसके सेवन करने से बीमारी का शिकार होना पड़ रहा है। लोगों ने संबंधित विभाग के आला अधिकारियों से इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की मांग की है। जिससे लोगों की सैहत पर इसका विपरीत असर ना पड़ सके।**

दरअसल शहर के एक दर्जन से अधिक स्थानों पर नकली पेय पदार्थो के भंडारण के गोदाम बनाए गए है। जिनमें रोजना बड़े-बड़े ट्रकों से अमानक पेय पदार्थो के कार्टून एवं बोरियां उतरती हुई आसानी से देखी जा सकती है। यह गोदाम शहर के शक्ति टांकीज मार्ग पर सबसे ज्यादा संचालित हो रहे है। इसके अलावा बड़े तालाब के पास विधायक निवास के पीछे एवं निजी मकान को किराए पर लेकर



व्यापारी द्वारा भारी मात्रा में नकली पेय पदार्थ का भंडारण गौदाम में किया गया है। यह व्यापारी खुले आम नकली पेय पदार्थो की बिक्री थोक के भाव देकर ग्रामीण अंचलों के छोटे दुकानदारों को बेंच रहे है। इसके बाद यह ग्रामीण अंचल के दुकानदार छोटे-छोटे बच्चों को नकली पेय पदार्थ बेचकर उनकी सेहत से खिलवाड़ कर उनकी जान जोखिम में डाल रहे है। इसके अलावा ढोंगा मार्ग, बानपुर मार्ग स्थित मुक्तिधाम के पास से अनेक गोदामों का संचालन किया जा रहा है। साथ ही शहर के मुख्य बाजार नजाई मंडी के आगे शिवम टांकीज के ठीक पीछे बने मार्केट में नकली पेय पदार्थो के अलावा विभिन्न प्रकार के नकली आईटम दिन दहाड़े थोक के भाव में दुकानदारों द्वारा बेचे जा रहे है।

इनमें से अधिकांश सामाग्री बच्चों के सेवन करने बाली बेची जा रही है। लोगों ने उक्त दुकानों को चेक करने की मांग जिले के अधिकारियों से की है। जिससे इस नकली कारोबार पर अंकुश लग सके ाइन दिनों गर्मी के मौसम में शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में नकली पेय पदार्थो की बिक्री जोरो पर चल रही है। अमानक पेय पदार्थ लोगों की सैहत से खिलवाड़ कर रहे है। जिससे बच्चों को इसके सेवन करने से बीमारी का शिकार होना पड़ रहा है। लोगों ने संबंधित विभाग के आला अधिकारियों से इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की मांग की है। जिससे लोगों की सैहत पर इसका विपरीत असर ना पड़ सके ाइन दिनों गर्मी के मौसम में शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में नकली पेय पदार्थो की बिक्री जोरो पर चल रही है। अमानक पेय पदार्थ लोगों की सैहत से खिलवाड़ कर रहे है। जिससे बच्चों को इसके सेवन करने से बीमारी का शिकार होना पड़ रहा है। लोगों ने संबंधित विभाग के आला अधिकारियों से इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की मांग की है। जिससे लोगों की सैहत पर इसका विपरीत असर ना पड़ सके।

### जांच कराकर होगी आगे की कार्यवाही

जब इस संबंध में टीकमगढ तहसीलदार सत्येन्द्र सिंह गुर्जर से बात की तो उन्होंने कहा कि नकली पेय पदार्थ बेचे जाने की जानकारी आपके माध्यम से मुझे मिली है।इस कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए प्रयास किया जाएगा। शिकायत मिलते ही संबंधित ठिकानों की जांच कराकर आगे की कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा जिससे यह कारोबार पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हो सके। इसके लिए बरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन लेकर एक टीम के साथ उक्त स्थानों का भ्रमण कर सबसे पहले जांच कराई जाएगी।

### इन मार्ग पर बने है गोदाम

इसके अलावा ढोंगा मार्ग, बानपुर मार्ग स्थित मुक्तिधाम के पास से अनेक गोदामों का संचालन किया जा रहा है। साथ ही शहर के मुख्य बाजार नजाई मंडी के आगे शिवम टांकीज के ठीक पीछे बने मार्केट में नकली पेय पदार्थो के अलावा विभिन्न प्रकार के नकली आईटम दिन दहाड़े थोक के भाव में दुकानदारों द्वारा बेचे जा रहे है।इनमें से अधिकांश सामाग्री बच्चों के सेवन करने बाली बेची जा रही है। लोगों ने उक्त दुकानों को चेक करने की मांग जिले के अधिकारियों से की है ाजिससे इस नकली कारोबार पर अंकुश लग सके।इन दिनों गर्मी के मौसम में शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में नकली पेय पदार्थो की बिक्री जोरो पर चल रही है।अमानक पेय पदार्थ लोगों की सैहत से खिलवाड़ कर रहे है।जिससे बच्चों को इसके सेवन करने से बीमारी का शिकार होना पड़ रहा है। लोगों ने संबंधित विभाग के आला अधिकारियों से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## सिंधिया की 81वीं जन्म जयंती पर कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। राष्ट्रनायक पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की 81 वी जन्म जयंती पर विश्राम ग्रह स्थित माधवराव सिंधिया स्मृति उद्यान में भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत के नेतृत्व में उनकी प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित किया और माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।**

इस अवसर पर संस्मरण सुनाते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत ने कहा कि स्वर्गीय माधवराव सिंधिया सच्चे जनसेवक थे जनसंघ से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत कर उन्होंने जीवन भर राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाकर कार्य किया। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास यादव ने कहा कि स्वर्गीय माधवराव सिंधिया का नाम भारतीय राजनीति में बड़े ही सम्मान के साथ लिया जाता है। देश-प्रदेश के विकास में दिए गए उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा। वह एक-एक जन सेवक के लिए प्रेरणा स्रोत है। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में जिला मंत्री पुष्पा यादव, श्रीमती मीरा खरे, अरविंद रैकवार, मीडियाप्रभारी स्वप्निल तिवारी, कार्यालय मंत्री शिवचरण उटमालिया, सह कार्यालय मंत्री संध्या सोनी, नगर मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी, सावरकर मंडल अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, भाजपा नेता रविंद्र श्रीवास्तव एवं कु अक्षय प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## युवा संगम, संयुक्त रोजगार मेले का आयोजन



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, रोजगार विभाग के संयुक्त सहयोग से शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ में युवा संगम, संयुक्त रोजगार मेला का सफल आयोजन किया गया।**

रोजगार मेले में 5 कंपनियों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुये, जिसमें गेल इंस्टीट्यूट ऑफस्किल गुना, संसूर श्रष्टि इन्टरप्राईसेज छतरपुर, आईसेक्ट छतरपुर, फ्रीडम एम्पलाविलटी अकादमी दिल्ली, जॉवफेयर नाऊ डॉट कॉम भिण्ड शामिल हैं। युवा संगम, रोजगार मेला में 110 अभ्यर्थी उपस्थित हुये। कम्पनियों से आये प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार के माध्यम से 45 अभ्यर्थियों का प्राथमिक रूप से चयन किया तथा 33 अभ्यर्थियों को ऑफर प्रदान किया। इसके साथ ही एक अभ्यर्थी का अप्रेन्टिसशिप के लिये चयन किया गया। कार्यक्रम में जिला रोजगार अधिकारी एवं शाआईटीआई प्राचार्य विजय प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कब पड़ेगा महे रमजान का अलविदा जुमा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। 2026 में माहे रमजान का अलविदा जुमा 13 मार्च या 20 मार्च 2026 को होने की संभावना है, जो चांद दिखने और रमजान के 29 या 30 दिनों के होने पर निर्भर करेगा। 13 मार्च को चौथा जुमा होगा, और यदि रमजान 30 दिन का रहा, तो 20 मार्च को पांचवां और अंतिम जुमा अलविदा होगा।**

रमज़ान का तीसरा और अंतिम अशरा जहन्नुम की आग से निजात दिलाने का है। आज 11 मार्च 2026 से शुरू होगा। ईदुल फितर की संभावित तारीख रमज़ान का महीना 20 या 21 मार्च 2026 को ईद-उल-फितर के साथ समाप्त होने की संभावना है, जो शव्वाल के चांद के दीदार पर निर्भर करेगा।

शुरुआत भारत में पहला रोज़ा 19 फरवरी 2026 गुरुवार को मनाया गया था। रमज़ान की आखिरी 10 रातों में से एक संभवत: 21वीं, 23वीं, 25वीं, 27वीं या 29वीं रात को मनाया जाएगा, जो इबादत के लिए सबसे पवित्र मानी जाती है। रमजान माह के शुरू होनें के पहले शहर के बाजार गुलजार हो चुके है। लोग अभी से खरीददारी में जुट गए है। इफतार के समय मस्जिदों में रौनक दिखाई देती है।

## हसगोरा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीएस किरार के मार्गदर्शन में ग्राम हसगोरा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एसके जाटव द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के वारे में बताया गया।**

कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागिदारी को बढ़ावा देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु सरकारी योजनाओं के प्रति जागरुक करना है। महिलाएं ही इस देश के विकास में अपना योगदान दे सकती है। साथ ही महिलायें न केवल एक परिवार की बल्कि अपने परिवार के साथ-साथ दूसरे परिवारों की आर्थिक उन्नति में उनका अहम् योगदान होता है। किसी भी देश की प्रगति में महिलाओं का विशेष महत्वपूर्ण भूमिका होती है जैसे की हमारे वेदों में लिखा है कि जिस घर में नारी की पूजा होती है। उस घर में हमेशा सुख शांति बनी रहती है। यदि महिला को शिक्षित किया जाता है तो वह एक नहीं दो परिवार की उन्नति एवं आने वाली पीढ़ियों को भी शिक्षित करती है। महिलाएं कुपोषण को दूर करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

## एसपी ने जनसुनवाई में सुनी समस्याएं

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिले में पुलिस व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में प्रत्येक मंगलवार को थाना, चौकी एवं जिला मुख्यालय स्तर पर नियमित रूप से जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।**

इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनना तथा उनके समयबद्ध और निष्पक्ष निराकरण को सुनिश्चित करना है। जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा की उपस्थिति में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों से धैर्यपूर्वक संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

## 14 को नेशनल लोक अदालत की तैयारियां पूर्ण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ श्रीमती प्रवीणा व्यास की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में जिला मुख्यालय टीकमगढ़ के न्यायाधीशगण के साथ आज बैठक का आयोजन किया गया।**

बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायाधीशगण को नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक चर्चा के दौरान कहा कि न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक शमनीय मामले, चैक बाउंस, बैंक रिकवरी, मोटर दावा अधिकरण संबंधी मामले,



विद्युत विवाद के प्रकरण, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद संबंधी प्रकरण, भू-अधिग्रहण संबंधी प्रकरण एवं समस्त प्रकार के सिविल प्रकरणों के साथ-साथ बैंक रिकवरी, नगर पालिका, जलकर, विद्युत संबंधी प्रीलिटीगेशन प्रकरणों का भी अधिक से अधिक निराकरण किया जावे। साथ ही टैऊफिक्र चालान से संबंधित प्रकरणों के निराकरण करने के संबंध में निर्देश दिये गये। समस्त न्यायाधीशगण से नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले रैफर्ड प्रकरणों एवं निराकरण हेतु तैयारी प्रकरणों की जानकारी ली गई एवं उक्त नेशनल लोक अदालत हेतु विद्युत प्रकरणों में छूट के संबंध में चर्चा की गई एवं नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय शमरोज खान, जिला न्यायाधीश राजकुमार गुप्ता, एनके गुप्ता, प्रणयदीप ठाकुर,कमलेश भरकुंडिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती सुनीता गोयल सहित न्यायिक मजिस्टेट उपस्थित रहे।

## राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष का टीकमगढ़ दौरा

**जनसुनवाई के बाद जिला अस्पताल का जायजा लिया**

**जनसुनवाई में अपनी समस्या लेकर पहुंचे पीड़ित**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। मध्य प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह यादव के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई की और शाम को जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जेल और स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ आम जनता की शिकायतों पर अधिकारियों को निर्देश दिए।**

डॉ. यादव ने शाम करीब 6 बजे जिला अस्पताल पहुंचकर नवनिर्मित ओपीडी, 100 बिस्तरों वाली नई बिल्डिंग, ब्लड बैंक और ऑपरेशन थिएटर का



निरीक्षण किया। उन्होंने वार्डों में जाकर मरीजों से बातचीत की और अस्पताल द्वारा दी जा रही सुविधाओं का फीडबैक लिया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला और एसडीएम संस्कृति लिटोरिया सहित अस्पताल का प्रबंधन स्टाफ मौजूद रहा। दोपहर में कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में खरगापुर क्षेत्र के कई निवासियों ने तहसीलदार की कार्रवाई के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। दीक्षा यादव की शिकायत उन्होंने बताया कि खसरा नंबर 921/3 की जमीन पर उनका 100 साल पुराना पुस्तैनी कब्जा है और 1976-77 में उन्हें पट्टा भी मिला था। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक द्वेष के चलते उन्हें मकान हटाने का नोटिस दिया गया है। सामूहिक बेदखली का विरोध पप्पू विश्वकर्मा, स्वामी और आशीष यादव ने भी इसी खसरा नंबर की जमीन पर बेदखली के आदेश का विरोध किया। उन्होंने कहा कि तहसीलदार ने उनके जवाब को अमान्य करते हुए 3 दिन के भीतर कब्जा हटाने का आदेश दिया है, जिसे तुरंत रोका जाना चाहिए। इससे पहले रविवार को डॉ. यादव ने जतारा जेल का निरीक्षण किया था। उन्होंने बंदियों से व्यक्तिगत चर्चा की और उन्हें अपराध का रास्ता छोड़कर रिहाई के बाद समाज की मुख्यधारा में जुड़कर नया जीवन शुरू करने के लिए प्रेरित किया। जनसुनवाई के दौरान आईं शिकायतों पर मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं और भूमि संबंधी विवादों का मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए तत्काल और उचित निराकरण तय किया जाए।

**समस्या** — **पलेरा में लापरवाही के कारण लग रहा जाम**

# बीच सड़क पर वाहन खड़े करने से जाम, लोग परेशान

**नवभारत न्यूज पलेरा। नगर के व्यस्ततम इलाके छोटा बस स्टैंड पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम के पास इन दिनों जाम की समस्या आम हो गई है। स्थानीय नागरिकों और राहगीरों का आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर बीच सड़क पर वाहन खड़े किए जा रहे हैं, जिससे निकलने का रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है।**

विशेष रूप से एटीएम में पैसा जमा करने वाली कैश वैन कैश लोडिंग गाड़ी के चालकों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। सुरक्षा और सुविधा के नियमों को नजरअंदाज कर ये वाहन सड़क के बीचों-बीच खड़े कर दिए जाते हैं। ऐसा प्रतीत होता है जैसे इन वाहन चालकों को प्रशासन या पुलिस की कार्रवाई का कोई डर नहीं है। यातायात बाधित छोटा




बस स्टैंड पर पहले से ही भीड़भाड़ रहती है, ऐसे में बीच सड़क खड़ी कैश वैन के कारण घंटों जाम लगा रहता है। राहगीरों को परेशानी पैदल चलने वाले लोगों और दोपहिया वाहन चालकों को संकरी जगह से निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है।अस्पताल और आवश्यक कार्य जाम की स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस या बीमार व्यक्तियों को भी समय पर निकलना मुश्किल हो जाता है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि व्यस्ततम मार्ग होने के बावजूद यहां यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। बैंक प्रबंधन और कैश एजेंसी की इस मनमानी पर लगाम लगाने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस से हस्तक्षेप की मांग की जा रही है ।नगर के व्यस्ततम इलाके छोटा बस स्टैंड पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम के पास इन दिनों जाम की समस्या आम हो गई है। स्थानीय नागरिकों और राहगीरों का आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर बीच सड़क पर वाहन खड़े किए जा रहे हैं, जिससे निकलने का रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है। राहगीरों को परेशानी पैदल चलने वाले लोगों और दोपहिया वाहन चालकों को संकरी जगह से निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। वाहन चालकों को प्रशासन या पुलिस की कार्रवाई का कोई डर नहीं है। यातायात बाधित छोटा बस स्टैंड पर पहले से ही भीड़भाड़ रहती है।

### एम्बुलेंस को भी नही मिलता जाम में रास्ता

अस्पताल और आवश्यक कार्य जाम की स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस या बीमार व्यक्तियों को भी समय पर निकलना मुश्किल हो जाता है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि व्यस्ततम मार्ग होने के बावजूद यहां यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। बैंक प्रबंधन और कैश एजेंसी की इस मनमानी पर लगाम लगाने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस से हस्तक्षेप की मांग की जा रही है।

## सबका साथ, सबका विकास बेविनार का आयोजन




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टीकमगढ़ में केंद्रीय बजट 2026 सबका साथ, सबका विकास बेविनार का आयोजन किया गया।**

बेविनार में आयुक्त उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार एवं भारत सरकार तथा भारतीय कंप्यूटिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान नई दिल्ली के तत्वाधान एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ केसी जैन की अध्यक्षता में केंद्रीय बजट-2026 अंतर्गत विषय- सबका साथ-सबका विकास पर एक दिवसीय लाइव बजट वेबीनार का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य बजट-2026 में ऑरेंज इकोनामी के लिए किए गए प्रावधानों पर चर्चा करना रहा है। इस वेबीनार में महाविद्यालय की समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक अधिकारी एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में आभार डॉ राम मनोहर अहिरवार ने व्यक्त किया।

## नर्सरी में बोई गई रबी मौसम की पौध को पॉलीथिन से ढकें

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। किसान फसल का निरीक्षण करते रहे तथा खेत में 20 फीट की दूरी पर टाईप खूंटी लगा दें एवं प्रकाश या फेरोमेन प्रपंच का प्रयोग करें। नर्सरी में बोयी गई रबी मौसम की पौध को पोलीथीन से ढक दें परंतु पौधों को दक्षिण-पूर्वी भाग खुला रखें ताकि नर्सरी में दोपहर की धूप मिलती रहे।**

आनेवाले 3 से 4 दिनों के दौरान मध्यम से घना कोहरा छाये रहने तथा आसमान में आंशिक बादल छाये रहने की संभावना को ध्यान में रखते हुए, इस समय तैयार फूलगोभी की कटाई करें और समय पर बाजार में भेज दें। देरी होने पर फू लगोभी की गुणवत्ता खराब हो सकती है। कुहरा छाये रहने के कारण, आर्द्रता में वृद्धि होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए, आलू की फसल में अगेती झुलसा रोग का प्रकोप बढ़ने की संभावना है।